# कार्यालय मुख्य अग्निशमन अधिकारी गोण्डा

पत्रसंख्या–एन0ओ0सी0 / एफ0एस0 / 2020 – (BH-337)  दिनॉकः–नवम्बर 18 ,2020

सेवामें,

नियत प्राधिकारी / नगर मजिस्ट्रेट,

विनियमित क्षेत्र, बहराइच ।

**विषयः–श्री अनुज कुमार पुत्र स्व श्री कैलास नाथ, श्री उत्सव मातनहेलिया पुत्र स्व0 श्री आशीष कुमार व श्रीमती सारिका देवी पत्नी स्व0 श्री आशीष कुमार निवासीगण, मोहल्ला–डिघिहा, बहराइच द्वारा ग्राम, बहराइच खास, जनपद–बहराइच में गाटा सं0–1174 / 1, 1175 / 1,मि0, 1175 / 5मि0, पर प्रस्तावित ग्रुप हाउसिंग भवन हेतु प्रस्तुत भवन मानचित्र पर प्रोविजनल अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में आख्या उपलब्ध कराये जाने विषयक ।**

महोदय,

भवन का संरचनात्मक विवरण आपके पत्रांक–752 / आर0ए0सी0 / वि0क्षेत्र / अनापत्ति / 2020–21, दिनॉक–12–11–2020, के अनुसार श्री अनुज कुमार पुत्र स्व श्री कैलास नाथ, श्री उत्सव मातनहेलिया पुत्र स्व0 श्री आशीष कुमार व श्रीमती सारिका देवी पत्नी स्व0 श्री आशीष कुमार निवासीगण, मोहल्ला–डिघिहा, बहराइच द्वारा प्रेषित मानचित्र के अनुसार विवरण निम्नवत है ।

**(क) भवन का संरचनाः–**

1– प्रश्नगत प्रस्तावित भवन का कुल प्लाट एरिया –6038.647 वर्गमीटर है ।

2– प्रश्नगत प्रस्तावित भवन का बेसमेन्ट फ्लोर कवर्ड एरिया –1389.997 वर्गमीटर। (स्कूटर पार्किंग हेतु)

3– प्रश्नगत प्रस्तावित भवन का स्टील्ट / भूतल कवर्ड एरिया–1033.487 वर्गमीटर ।

4– प्रश्नगत प्रस्तावित भवन का प्रथम तल कवर्ड एरिया –1065.877 वर्गमीटर ।

5– प्रश्नगत प्रस्तावित भवन का द्वितीय तल से लेकर आठवे तल तक प्रत्येक तल का कवर्ड एरिया–1058.479 वर्गमीटर है ।

6– बेसमेन्ट एरिया स्कूटर पार्किंग के लिए है, तथा बेसमेन्ट में दो रैम्प जिसकी चौडाई 02–02 मीटर तथा 03 स्टेयर केस है, जिसकी चौडाई 1.5–1.5 मीटर रखा जाना आवश्यक है ।

**(ख) भवन का अधिभोग श्रेणीः–**

प्रेषित मानचित्र के अनुसार प्रश्नगत भवन ग्रुप हाउसिंग श्रेणी के अन्तर्गत है ।

**(ग) ढॉचागत ब्यवस्थायेंः–**

**1–पहुॅचमार्गः**–स्थल बहराइच स्थित अग्रसेन तिराहा से स्टेशन रोड पर जनपद–बहराइच में स्थित है ।

**2–सेटबैकः**–ओपेन पार्किंग को सम्मिलित करते हुए भवन के चारो तरफ 9.00 मीटर से अधिक का सेटबैक छोडा गया है, फायर पैसेज 6.00 मीटर चौडाई का सेटबैक टावर के चारो तरफ अवरोध मुक्त सेटबैक छोडा जाना मानचित्र में दर्शाया गया है, जो अग्निशमन वाहनों के आवागमन हेतु उपयुक्त है, सेटबैक को सदैव अवरोध मुक्त रखा जाय ।

**3–भवन की ऊॅचाईः**–मानचित्र के अनुसार भवन की ऊॅचाई लगभग–26.990 मीटर है ।

**(घ) अग्नि सुरक्षा ब्यवस्थाः**–प्रस्तावित भवन में नेशनल बिल्डिंग कोड आफ इण्डिया–2016 व उसमें संदर्भित का सुसंगत मानकों के अनुसार प्रस्तावित की जाती है ।

1–प्राथमिक अग्निशमन उपकरण (फायर एक्सटिंग्यूशर) सम्पूर्ण भवन के प्रत्येक तल पर फायर एक्सटिंग्यूशरों का आई0एस0–2190 के अनुसार ए0बी0सी0 / सी0ओ0टू0 टाईप फायर एक्सटिंग्यूशर स्थापित कराया जाना वांछनीय है ।

शेष पेज–02 पर ..........

2– प्रश्नगत भवन में प्रत्येक तल पर मानक के अनुसार होजरील स्थापित कराया जाना वांछनीय है।
3– प्रश्नगत भवन में डाउन कामर मय लैडिंग वाल्व, कैबिनेट होज बाक्स सहित होज बाक्स में 15–15 मीटर के दो–दो होज पाईप व ब्रांच प्रत्येक तल पर रखा जाना आवश्यक है ।
4– प्रश्नगत भवन के वेसमेन्ट एरिया में आटोमेटिक स्प्रिंकलर सिस्टम वांछनीय है ।
5– प्रश्नगत भवन में मैनुअली आपरेटेड इलेक्ट्रिक अलार्म सिस्टम स्थापित किया जाना वांछनीय है ।
6– अग्निशमन कार्य हेतु 25000 लीटर क्षमता का टेरिस टैंक स्थापित किया जाना वांछनीय है ।
7– 900 लीटर प्रतिमिनट क्षमता का टेरिस पम्प स्थापित किया जाना वांछनीय है ।
8–**एग्जिट साइनेजः**–भवन में एक्जिट साइनेज स्थापित कराया जाना वांछनीय है ।
9–**पी0ए0 सिस्टमः**–भवन में पी0ए0 सिस्टम स्थापित कराया जाना वांछनीय है ।
10–**अन्य अभ्युक्तिः–(ए)** समय–समय पर लागू नियम व उपनियमों का अनुपालन किया जाना बाध्यकारी होगा ।

अतः उपरोक्तानुसार अग्निशमन व्यवस्था स्थापित कर भवन अधिभोग करने से पूर्व अग्निशमन विभाग से पुनः अग्नि सुरक्षा व्यवस्था सम्बन्धी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के शर्तो/प्रतिबन्धों के साथ **प्रोविजनल अनापत्ति प्रमाण पत्र की आख्या संस्तुति सहित सादर सेवा में प्रेषित है।**

(आर0एस0 त्रिपाठी) 18/11/2
मुख्य अग्निशमन अधिकारी
लखनऊ
(आर0 एस0 त्रिपाठी)
मुख्य अग्निशमन अधिकारी

<u>प्रतिलिपिः</u>–1– श्री अनुज कुमार पुत्र स्व श्री कैलास नाथ, श्री उत्सव मातनहेलिया पुत्र स्व0 श्री आशीष कुमार व श्रीमती सारिका देवी पत्नी स्व0 श्री आशीष कुमार निवासीगण, मोहल्ला–डिघिहा, बहराइच, को (द्वारा नियत प्राधिकारी) अनुपालनार्थ ।